193
16/02/2026

दिनांक 11.02.2026 (बुधवार) को सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभागीय पदाधिकारियों के साथ लंबित एवं महत्वपूर्ण मामलों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

स्थापना शाखा

1. जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के Cadre restructuring के लिए Proposal तैयार कर संचिका उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।
2. विभागान्तर्गत सभी निदेशालयों में लंबित उपयोगिता–प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य को यथाशीघ्र निष्पादित करते हुए महालेखाकार कार्यालय भेजने तथा समायोजन कराने हेतु निदेश दिया गया।
3. Housekeeping एवं Maintenance नीति निर्माण हेतु निदेशक, सांस्कृतिक कार्य की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निदेश दिया गया, जिसमें निदेशक, संग्रहालय एवं आंतरिक वितीय सलाहकार सदस्य के रूप में रहेंगे तथा समिति को एक सप्ताह के अंदर नीति निर्धारित कर अपना प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया।
4. विभागान्तर्गत कार्यरत सोशल मीडिया टीम के कार्यों का मूल्यांकन हेतु टारगेट एवं इंडिकेटर तैयार करने तथा इनके कार्यों के मूल्यांकन हेतु निदेशक सांस्कृतिक कार्य की अध्यक्षता में एक कमिटी गठित करने, जिसमें विभागीय आई०टी० प्रबंधक एवं डिपार्टमेंट पी०एम०यू० लीड को सदस्य के रूप में नामित किया जाय। गठित समिति के द्वारा सोशल मीडिया टीम के कार्यों का सतत् मूल्यांकन किया जाय। प्रत्येक माह में कम से कम एक बैठक आयोजित कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया।
5. विभागान्तर्गत सभी वर्ग–3 एवं वर्ग–4 के कर्मचारियों की नियुक्ति/पदस्थापन/रिक्ति आदि की स्थिति का आकलन के विषय पर निदेशक, संग्रहालय द्वारा बताया गया कि राज्य अंतर्गत सभी संग्रहालय में वर्ग–3 के कर्मियों की संख्या कम है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि नियमानुसार वर्ग–4 से वर्ग–3 में प्रोन्नति देकर भरा जाय तथा दोनों वर्गों के रिक्त पदों को भरने हेतु अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को भेजी जाय। साथ ही निदेश दिया गया कि सभी वर्गों के कार्यरत एवं रिक्त पदों की विवरणी उपलब्ध कराया जाय।
6. निदेशक संग्रहालय–सह–पुरातत्व को संविदा के आधार पर रिक्त पदों को भरे जाने हेतु संलेख प्रारूप तैयार कर संचिका उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।
7. सहायक संग्रहालयाध्यक्ष की नियुक्ति में हो रहे विलम्ब के लिए स्मार–पत्र सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार, पटना को भेजने का निदेश दिया गया।
8. आगामी विभागीय समीक्षात्मक बैठक के एजेंडा में पी०एम०यू० स्थापित करने से संबंधित बिन्दु रखे जाने का निदेश दिया गया।
9. विभागान्तर्गत अभियंताओं के रिक्त पद की सूची तैयार करने उपरांत् रिक्त पदों (सहायक अभियंता/कनीय अभियंता) की मांग जल संसाधन विभाग से करने का निदेश दिया गया।

10. निदेशित किया गया कि त्रैमासिक पत्रिका के विमोचन हेतु माननीय मंत्री महोदय से तिथि एवं समय निर्धारित कर विमोचन सुनिश्चित किया जाय।

11. कर्पूरी ठाकुर संग्रहालय में विविध कार्यक्रम आयोजित करने हेतु वार्षिक कैलेंडर तैयार करने का निदेश दिया गया।

संग्रहालय निदेशालय

12. समीक्षा के क्रम में बताया गया कि विभिन्न राजकीय संग्रहालयों में प्रवेश शुल्क हेतु विभाग से अनुमति मिलने के बाद ही राजकीय संग्रहालयों में प्रवेश शुल्क लेने का निदेश दिया गया।

13. बिहार विरासत विकास समिति के द्वारा आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध कॉन्क्लेव को आयोजित करने का निदेश दिया गया।

14. बुद्ध सम्यक् दर्शन–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने का निदेश दिया गया। साथ ही जिले के आस–पास रह रहे तिब्बती समुदाय के लोगों को तथा भगवान बुद्ध संबंधित शोध संस्थानों/व्यक्ति आदि को भी कार्यक्रम में आमंत्रित करने का सुझाव दिया गया।

15. बुद्ध सम्यक संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली से संबंधित पूर्व में उक्त परिसर के निरीक्षण के क्रम में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही पर यथाशीघ्र अनुपालन करने का निदेश दिया गया।

16. बुद्ध सम्यक संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली में पहुँच पथ से संबंधित भूमि अधिग्रहण हेतु अधोहस्ताक्षरी के स्तर से जिला पदाधिकारी, वैशाली को स्मारित करते हुए अनुमानित मूल्यांकन करने हेतु पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

17. ज्ञान भारतम् मिशन के तहत बिहार राज्य के अन्तर्गत पाण्डुलिपियों के संरक्षण, डिजिटाईजेशन हेतु आम जनों से सूचना प्राप्त करने के लिए डिजिटल पब्लिक प्लेटफार्म एप्लिकेशन या QR Code या विज्ञापन के माध्यम से प्रचारित करने तथा सारनाथ संस्थान द्वारा किये गये पांडुलिपियों के डिजिटाईजेशन कार्य से संबंधित मा० विभागीय मंत्री का संदेश पुस्तक प्रकाशन हेतु उपलब्ध कराते हुए लंबित भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

18. ज्ञान भारतम् मिशन के कार्य को राज्य में निष्पादित कराने हेतु निदेशक, संग्रहालय की अध्यक्षता में एक कोर ग्रुप गठन करने तथा संग्रहालयाध्यक्ष, श्री शंकर सुमन को अपने कार्यों के अतिरिक्त मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति हेतु संचिका उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

19. गोलघर, पटना में बहुत दिनों से बंद पड़े लेजर–शो को पुनः चालू करने तथा गोलघर का रासायनिक संरक्षण का कार्य करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई का निदेश दिया गया।

513

## सांस्कृतिक कार्य निदेशालय

20. बिहार नाट्य एवं फिल्म संस्थान का स्थापना करने हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु पुनः अधोहस्ताक्षरी के स्तर से जिला पदाधिकारी को पत्र भेजने का निदेश दिया गया।
21. खगड़िया जिला में अटल कला भवन के निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण से संबंधित NOC हेतु भवन निर्माण विभाग से अनुरोध किया गया है। भवन निर्माण विभाग के साथ प्रस्तावित बैठक के एजेंडा में इस बिन्दु को शामिल करने का निदेश दिया गया। गोपालगंज, वैशाली एवं सीतामढ़ी में भूमि उपलब्ध कराने हेतु संबंधित जिला पदाधिकारी को पुनः स्मार–पत्र भेजने का निदेश दिया गया।
22. दानापुर स्थित ललित नगर ''रंग भवन'' के जीर्णोद्धार हेतु भूमि हस्तांतरण की अद्यतन स्थिति से विभाग को अवगत कराने हेतु जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, पटना को निदेशित किया जाय।
23. बेगूसराय जिला में ''कलाग्राम'' की स्थापना हेतु पुनः EOI आमंत्रित करने का निदेश दिया गया।
24. स्वैच्छिक सांस्कृतिक संस्थान'' को अनुदान प्रदान करने के संबंध में नियमावली का शीघ्र निर्माण करने हेतु निदेश दिया गया।
25. बिहार संगीत नाटक आकदमी एवं बिहार ललित कला आकदमी के नियमावली में आवश्यक संशोधन संबंधित संचिका शीघ्र उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई।

16/2/26

**(प्रणव कुमार)** भा.प्र.से.
सरकार के सचिव,
कला एवं संस्कृति विभाग।

ज्ञापांक– 193

पटना, दिनांक– 16/02/2026

प्रतिलिपिः–सभी निदेशक/संयुक्त सचिव/मा० मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/उप सचिव/कार्यपालक अभियंता/क्षेत्रीय उप निदेशक/ महाप्रबंधक/परामर्शी (फिल्म)/परामर्शी (वित्त एवं लेखा), बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/डिपार्टमेंट पी०एम०यू०लीड०/आई० टी० प्रबंधक, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/2/26

**(रूबी)**
सरकार के अपर सचिव।

Proceed./san./2026